भारत सरकार

पोत परिवहन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **1624** जिसका उत्तर

गुरूवार, **28 नवम्बर**, 2019/7 अग्रहायण, 1941 (शक) को दिया जाना है

तटों के साथ लाइटहाउस

1624. श्रीमती अपराजिता सारंगीः

क्या **पोत परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत पांच वर्षों के दौरान भारत में, विशेष रूप से ओडिशा में तटों के साथ स्थापित लाइटहाउसों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) गत पांच वर्षों के दौरान इन लाइटहाउसों के रखरखाव के लिए आवंटित निधि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या तट रेखा पर एक लाइटहाउस होने के लिए सरकार द्वारा कोई दिशानिर्देश/मानदंड निर्धारित किए गए हैं तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) गत पांच वर्षों के दौरान सीएसीएल द्वारा स्वीकृत लाइटहाउसों का ओडिशा सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या तटों के साथ और अधिक लाइटहाउस स्थापित किए जाने की कोई योजना है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पोत परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री मनसुख मांडविया)

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान भारत की तटरेखा के साथ स्थापित चार दीपस्तभों का राज्य वार ब्यौरा नीचे दिया हुआ है:-

क्रम सं.	दीपस्तंभ का स्थान	राज्य	स्थापना वर्ष
1.	अचारा प्वाइंट	महाराष्ट्र	2014
2.	रावा पोर्ट	आंध्र प्रदेश	2014
3.	कोल्टा प्लाम	अंडमान और निकोबार (संघ राज्य क्षेत्र)	2014
4.	वेमबार	तमिलनाडु	2017

(ख) दीपस्तंभों का रखरखाव, दीपस्तंभ और दीपपोत महानिदेशालय (डीजीएलएल) के लिए राजस्व शीर्ष के तहत किए जाने वाले बजट प्रावधानों में से 'रखरखाव अनुसूची' के अनुसार किया जाता है। धनराशि का राज्यवार आंवटन नहीं किया जाता है।

(ग) दीपस्तंभों की स्थापना के संबंध में निर्णय, सचिव (पोत परिवहन) की अध्यक्षता में दीपस्तंभों संबंधी केन्द्रीय सलाहकार समिति (सीएसीएल) की सिफारिशों पर, प्रस्तावित क्षेत्र में यातायात और 'नौचालन के लिए सहायता' (एटूएन) की आवश्यकता के आधार पर किया जाता है।

(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान सीएसीएल द्वारा अनुमोदित सात दीपस्तंभ परियोजनाओं के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:-

क्रम सं.	दीपस्तंभ का स्थान	राज्य	अनुमोदित वर्ष
1.	केलशी	महाराष्ट्र	2014
2.	अर्नाला (दीपस्तंभ का सुधार)	महाराष्ट्र	2014
3.	वल्साड खादी (दीपस्तंभ का सुधार)	महाराष्ट्र	2015
4.	धनुषकोदी (दीपस्तंभ का सुधार)	तमिलनाडु	2017
5.	जाफराबाद (दीपस्तंभ का सुधार)	गुजरात	2017
6.	कुथानकुली	तमिलनाडु	2017
7.	चाउमुख	ओडिशा	2017

(ङ) वर्तमान में और अधिक दीपस्तंभों को स्थापित किए जाने की कोई योजना नहीं है।

*****